वार्षिक परीक्षा

समयः 3 घण्टे   विषय-हिन्दी   पूर्णांक-80

कक्षा-8

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर सारु व सुन्दर लेख में लिखिए।

प्र.1. निम्नलिखित पद्यांश को सन्दर्भ सहित अर्थ लिखिए | 8

सीस पगा न झगा तन पै, प्रभू! जानै को आहि! बसै केहि ग्रामा।

धोती फटी-सी लटी-दुपटी, अरु पाँय उपानह की नहिं सामा॥

द्वार खरो द्विज दुर्बल एक, रह्यो चकि सों बसुधा अभिरामा।

पूछत दीनदयाल को धाम, बतावत आपनो नाम सुदामा॥

प्र.2. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।   15

क) बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दशा हुई?

ख) कामचोर कहानी क्या संदेश देती है?

ग) सुदामा की दीन दशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई?

घ) घायल बाज को देखकर साँप कुश क्यों हुआ होगा?

ङ) कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है?

प्र.3. निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।   10

कमल, हिमालय, जल, चन्द्रमा, अश्व

प्र.4. निम्न शों के विलोम शब्द लिखिए।   4

स्वर्ण, यश, आदि, उदय

प्र.5. निम्न वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए। 8

क) प्रतिदिन होने वाला

ख) गाँव का रहने वाला

ग) ईश्वर को न मानने वाला

घ) दोपहर से बाद का समय

प्र.6. निम्नलिखित शब्दों में सन्धि विच्छेद करिए। 8

धर्मानुसार, गिरीश, महर्षि, नायक

प्र.7. अपने मामा को अपने जन्म दिन पर आने के लिए एक पत्र लिखिए। 6

प्र.8. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम लिखिए। 5

घड़ा, लगन, दाँत, कान, दूध

प्र.9. भारत खोज पुस्तक के आधार पर निम्न प्रश्नो के उत्तर लिखिए। 8

क) गणितशास्त्र के किन-किन रूपों की भारत ने नींव रखी?

ख) भारत के प्रमुख गणितशास्त्रियों के नाम बताइए।

ग) भारतीय सभ्यता का मूल आधार क्या है?

घ) महमूद गजनवी कौन था? उसने भारत पर आक्रमण कब किया?

प्र.10. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। 8

1. होली

2. स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त)

3. किसी मेले का वर्णन